# भारत सरकार की जल जीवन मिशन के क्रियान्वयन हेतु जनपद–शाहजहाँपुर में गठित जिला पेयजल एंव स्वच्छता मिशन (DWSM) समिति की दिनांक 18.05.2026 को आयोजित बैठक की कार्यवृत्ति

प्रमुख सचिव उत्तर प्रदेश शासन नमामि गंगे जलपूर्ति अनुभाग–1 के शासनादेश संख्या 95/छियत्तर–1–2020–20 स्वजल/2010 टी0सी0ए0–अ0 लखनऊ दिनांक 21.01.2020 के द्वारा पेयजल एंव स्वच्छता मिशन जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जल जीवन मिशन के अंतर्गत निर्गत दिशा निर्देशो के अनुरूप जिला पेयजल एंव स्वच्छता मिशन के संगठनात्मक स्वरूप को और सुदृढ़ बनाने तथा ग्रामीण पेयजल कार्यक्रमों के प्रभावी कियान्वन तथा मूल्याकंन तथा उनके अनुश्रवण हेतु जनपद स्तर पर गठित जिला पेयजल एंव स्वच्छता मिशन समिति की बैठक दिनांक 18.05.2026 को विकास भवन सभागार, शाहजहाँपुर में आयोजित की गयी है। जिसमें जिलाधिकारी महोदय, शाहजहाँपुर (अध्यक्ष), मुख्य विकास अधिकारी, शाहजहाँपुर (उपाध्यक्ष), जिला विकास अधिकारी, शाहजहाँपुर, परियोजना निदेशक, जिला ग्राम्य विकास अभिकरण, शाहजहाँपुर, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शाहजहाँपुर, अधिशासी अभियन्ता (वि0/या0) उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मुरादाबाद, अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), शाहजहाँपुर, तथा समस्त सहायक अभियन्ता एवं जूनियर इंजीनियर खण्ड कार्यालय जल निगम (ग्रामीण), शाहजहाँपुर, सहायक महाप्रबन्ध मै0 एन0सी0सी0 लि0 शाहजहाँपुर, तथा टी0पी0आई0ए0 (मै0 बी0एल0जी0 कन्स्ट्रक्शन प्राईवेट लिमिटेड) तथा डी0पी0एम0यू0 (मै0 मेधज टेक्नो प्राइवेट लि0) के स्टाफ द्वारा प्रतिभाग किया गया।

जल जीवन मिशन के अन्तर्गत अध्यक्ष जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति एवं जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक दिनांक 18.05.2026 को विकास भवन सभागार में सम्पन्न हुई, जिसमें सचिव जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति, अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण), शाहजहाँपुर द्वारा पटल पर जल जीवन मिशन कार्यों की प्रगति से अवगत कराते हुए जल जीवन मिशन के अंतर्गत जनपद शाहजहांपुर में संचालित कार्यों की भौतिक एवं वित्तीय प्रगति, संचालन एवं अनुरक्षण, जल गुणवत्ता, शिकायत निस्तारण तथा स्थायित्व संबंधी बिंदुओं पर चर्चा की गई।

बैठक मे निम्न बिंदुओ पर चर्चा की गई तथा दिशानिर्देश दिये गये–

1. जनपद में ट्यूबवेल, ओवरहेड टैंक (OHT), वितरण पाइपलाइन, एफ.एच.टी.सी. (कियाशील गृहसंयोजन), सोलर सिस्टम, क्लोरीनेशन एवं SCADA कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई, जिसमे पाया गया कि 867 नग ट्यूबवेल क लक्ष्य के सापेक्ष 865 नग बोरिंग कर विकसित कर दिये गये है, 867 नग पम्प हाउस के लक्ष्य के सापेक्ष 859 नग पम्प हाउस के कार्य पूर्ण कर लिये गये है, 830 नग सोलर पैनल अधिष्ठापित करने के सापेक्ष 829 नग सोलर पैनल अधिष्ठापित कर दिये गये है, 9291 कि0मी0 वितरण प्रणाली के लक्ष्य के सापेक्ष 9177 कि0मी0 वितरण प्रणाली विछा दी गई है, 7198 कि0मी0 सडक पुर्नस्थापना के सापेक्ष 7123 कि0मी0 सडक पुर्नस्थापित कर दी गई है, 449287 नग कियाशील गृहसंयोजन के लक्ष्य के सापेक्ष 447358 नग कियाशील गृहसंयोजन दिये गये है, 2028 नग राजस्व ग्राम लक्ष्य के सापेक्ष 1589 नग राजस्व ग्रामो मे पेजयल की निरन्तर जलापूर्ति की जा रही है, 865 नग पाइप पेयजल योजना के हर घर जल प्रमाणीकरण कें लक्ष्य 315 पाइप पेयजल योजनाओ का हर घर जल प्रमाणीकरण किया जा चुका है, तथा 865 नग पाइप पेयजल योजनाओ के लक्ष्य के सापेक्ष 168 पाइप पेयजल योजनाऐ संचालन एवं अनुरक्षण फेज मे प्रवेश कर चुकी है। कई ग्रामों में नियमित पेयजल आपूर्ति प्रारम्भ हो चुकी है तथा शेष कार्य प्रगति पर हैं। जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि समस्त लंबित शिरोपरि जलाशय (OHT) के कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूर्ण कराया जाए तथा सभी योजनाओं का समयबद्ध कमीशनिंग सुनिश्चित कर नियमित जलापूर्ति प्रारम्भ की जाए।
2. बैठक में ग्रामीण पेयजल योजनाओं के संचालन, अनुरक्षण एवं दीर्घकालिक स्थायित्व हेतु जिला तकनीकी इकाई (DTU) के गठन एवं कार्यों की समीक्षा की गई। जिला तकनीकी इकाई के अन्तर्गत 10 सदस्यो को नामित किया गया है जिसमे अधिशासी अभियन्ता (सिविल) जल निगम (ग्रामीण), शाहजहाँपुर (अध्यक्ष), डा0 करन सिंह उपमुख्य चिकित्स अधिकारी शाहजहाँपुर, (सदस्य), अधिशासी अभियन्ता (वि0/या0) जल निगम (ग्रामीण), शाहजहाँपुर (सदस्य), अधिशासी अभियन्ता सिंचाई खण्ड, शाहजहाँपुर, (सदस्य), जिला पंचायत राज अधिकारी शाहजहाँपुर, (सदस्य), सहायक अभियन्ता, लघु सिंचाई विभाग, शाहजहाँपुर, (सदस्य), सहायक विकास अधिकारी, पंचायतीराज तकनीकी, (सदस्य), श्री धर्मेन्द्र कुमार वर्मा जल परीक्षण प्रयोगशाला कैमिस्ट, जल निगम (ग्रामीण), शाहजहाँपुर, भूगर्भ जल विभाग द्वारा नामित प्रतिनिधी डा0 सौरभ शाह सीनियर हाईड्रोलाजिस्ट कार्यालय भुगर्भ विभाग बरेली तथा सहायक अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग (जिलाधिकारी द्वारा नामित तकनीकी सदस्य) नामित किये गये है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा जिला तकनीकी इकाई को योजनाओं की नियमित मॉनिटरिंग, स्रोत से उपभोक्ता तक जलापूर्ति की निगरानी, समयबद्ध मरम्मत एवं अनुरक्षण, जल गुणवत्ता परीक्षण एवं सुरक्षा, शिकायतों का त्वरित निस्तारण, एवं डिजिटल मॉनिटरिंग प्रणाली का प्रभावी संचालन आदि कार्य सुनिश्चित किये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

3. बैठक में जल सेवा आकलन एवं जिला सुधार योजना (District Improvement Plan) की प्रगति की समीक्षा की गई। जिस पर अधिशासी अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि वर्तमान में 467 ग्राम पंचायतों के लक्ष्य के सापेक्ष 465 ग्राम पंचायतों के जल सेवा आंकलन प्रपत्र egramswaraj पोर्टल पर पंचायत सचित की लागिन आई डी के माध्यम से भर दिये गये हैं तथा शेष दो ग्राम पंचायते नगरीय क्षेत्र में आ जाने के कारण इनकी प्रविष्टिया पोर्टल पर नहीं की गई है। जिन राजस्व ग्रामों के जल सेवा आंकलन प्रपत्र भर दिये गयें है, उनका जिला तकनीकी इकाई द्वारा समीक्षा कार्य प्रगति है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा शेष प्रविष्टियों एवं अनुमोदन कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया।

4. जिलाधिकारी महोदय द्वारा JJM 2.0 पोर्टल पर RPWSS ID बनाने की समीक्षा की गई। संबंधित अधिकारियों को सभी लंबित प्रविष्टियाँ समय से पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।

5. सुजलम भारत ऐप परयोजना परिसंपत्तियों की जियोटैगिंग कार्यो की प्रगति की समीक्षा की गई। समस्त सहायक अभियन्ता/जूनियर इंजीनियर तथा फर्म मैसर्स एन0सी0सी0 लिमिटेड शाहजहांपुर को निर्देशित किया गया कि सुजलम भारत ऐप पर समस्त एसेट्स की जियोटैगिंग एवं अनुमोदन कार्य शीघ्र पूर्ण कराया जाए।

6. बैठक में अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), द्वारा विभिन्न पाइप पेयजल योजनाओं पर सोलर केबल, इन्वर्टर एवं बैटरी चोरी की घटनाओं के बारे में अवगत कराया गया, जिस जिलाधिकारी महोदय द्वारा योजना परिसरों में सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने एवं आवश्यकतानुसार तत्काल प्राथमिकी दर्ज कराने हेतु निर्देशित किया गया।

7. बैठक में जिलाधिकारी महोदय द्वारा विद्यालयों एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों में एफ.एच.टी.सी. (क्रियाशील घरेलू कनेक्शन) उपलब्धता एवं कार्यशीलता की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि शेष अपूर्ण विद्यालयों एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों की सूची तत्काल जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी को उपलब्ध कराई जाए ताकि समन्वय स्थापित कर शीघ्र कार्य पूर्ण कराया जा सके।

8. बैठक में जिलाधिकारी महोदय द्वारा नल जल मित्र प्रशिक्षण हेतु चयन प्रक्रिया एवं दिशा–निर्देशों की समीक्षा की गई, तथा निर्देशित किया गया कि नल जल मित्र चयन शासनादेश एवं निर्धारित मानकों के अनुरूप किया जाए तथा केवल ग्राम प्रधान द्वारा संस्तुत/प्रेषित आवेदन पत्रों पर ही विचार किया जाए।

9. बैठक में जिलाधिकारी महोदय द्वारा 168 संचालित योजनाओं की समीक्षा की गई तथा नियमित जलापूर्ति, समयबद्ध अनुरक्षण, क्लोरीनेशन एवं शिकायत निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया।

10. बैठक में जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि जिन योजनाओं का कमीशनिंग पूर्ण हो चुका है, वहाँ जनप्रतिनिधियों, ग्राम प्रधानों एवं स्थानीय नागरिकों की सहभागिता के साथ जल अर्पण कार्यक्रम आयोजित किए जाएँ।

11. बैठक में अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), द्वारा जल सारथी ऐप के बारें में संक्षिप्त जानकारी दी गई, तथा इसके उपयोग के बारें में अवगत कराया गया। जिस जिलाधिकारी महोदय द्वारा सभी अधिकारियों एवं फील्ड स्टाफ को निर्देशित किया गया कि ग्रामीणों को ऐप के उपयोग हेतु प्रेरित करें एवं शिकायत निस्तारण प्रणाली को प्रभावी बनाएं।

अन्त में बैठक को सधन्यवाद समाप्त किया गया।

18/05/26

अधिशासी अभियन्ता
खण्ड कार्यालय,
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),
शाहजहाँपुर।
(सदस्य सचिव)

अधिशासी अभियन्ता
(वि0/यां0)
अष्ठम खण्ड, उ0प्र0 जल निगम,
मुरादाबाद।
(सदस्य)

बेसिक शिक्षा अधिकारी
शाहजहाँपुर।
(सदस्य)

परियोजना निदेशक,
जिला ग्राम्य विकास अभिकरण,
शाहजहाँपुर।
(सदस्य)

जिला विकास अधिकारी
शाहजहाँपुर।
(सदस्य)

21/5/26

मुख्य विकास अधिकारी
शाहजहाँपुर।
(उपाध्यक्ष)

23/5/26

जिलाधिकारी, (अध्यक्ष)
जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति
शाहजहाँपुर।